हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
11 अगस्त 2026, बरेली
Page No. 04 : Bottom

# एसआरएमएस में कैंसर स्क्रीनिंग शिविर कल से

**आयोजन**

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** कैंसर के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए आजादी के पर्व पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक नाम से अभियान 12 अगस्त से शुरू किया जाएगा है। यह जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में 12-14 अगस्त तक तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, पेट व आंत का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग होगी। कैंसर विशेषज्ञों के निशुल्क परामर्श के साथ ही कैंप में करीब एक दर्जन जांचें भी निशुल्क की जाएंगी। निशुल्क जांचों में मैमोग्राफी, एक्स रे चेस्ट, अल्ट्रासाउंड ब्रेस्ट, फाइब्रोस्कैन, लैरिंगोस्कोपी, अल्ट्रासाउंड टीवीएस, एस पीएसए, एचपीवी डीएनए, सीबीसी, एलबीसी और ऑकल्ट ब्लड स्टूल शामिल है। इसके साथ ही



जानकारी देते एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति।

कैंप में सीटी एब्डोमेन, सीटी थोरेक्स, एस सीईए, एस सीए19.9, एफएनएसी, बायोप्सी प्रोसीजर्स, मेनोमेट्री, एंडोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी, सीटी, अल्ट्रासाउंड गाइडेड प्रोसीजर्स पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा.पियूष कुमार अग्रवाल ने कहा कि कैंसर खुद में कोई बीमारी नहीं बल्कि कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। जो शरीर के किसी भी अंग में, कभी भी और किसी भी उम्र हो सकती है।